प्रवासी दिवस के उद्‌घाटन में सीएम बोले, चुनाव में जनता को सब मालूम

'नेताजी के नाम, अपने काम पर लड़ेंगे'

■ **एनबीटी ब्यूरो, लखनऊ :** समाजवादी परिवार की आपसी कलह में क्या होगा। यह तो वक्त ही बताएगा। मगर बुधवार को सीएम अखिलेश यादव ने यह साफ कर दिया कि वो चुनावों में नेताजी के नाम पर और अपने काम के साथ जाएंगे। तीन दिवसीय प्रवासी दिवस के उद्‌घाटन के मौके पर सीएम ने कहा 'यह पहला चुनाव है, जिसमें जनता ने मन बना लिया है कि किसे चुनना है। सीएम ने कहा प्रदेश की जनता सरकार के विकास कामों पर वोट करेगी। इस दौरान सीएम ने बीजेपी पर निशाना साधा। कहा 'कुछ दिनों पहले प्रधानमंत्री लखनऊ आए थे। हमें उम्मीद थी कि कुछ बड़ा ऐलान होगा। मगर क्या हुआ यह जनता जानती है।' आचार संहिता लागू होने पर खुशी जताते हुए सीएम ने कहा कि आज के दिन का मुझे सबसे ज्यादा इंतजार था।

ऐसा नया साल गुजरा की हम ही जानते हैं

नए साल के मौके पर सपा में हुई उथल-पुथल की ओर इशारा करते हुए सीएम ने कहा कि इस बार ऐसा साल गुजरा की हम ही जानते हैं। कई लोग बधाई देने के लिए आए, तो कहा कि बधाई मत दो। गौरतलब है कि सीएम को 1 जनवरी को हुए आपातकालीन विशेष अधिवेशन में राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया गया था।

'कौन-सा हथौड़ा कहां काम करेगा'

सीएम ने कहा कि अगर अधिकारियों ने हमें पढ़-लिख लिया है, तो हमने भी उन्हें पढ़-लिख लिया है। हम भी जानते हैं कि कौन-हथौड़ा कहां काम करेगा। कौन-सा नट-बोल्ट कहां लगेगा। अखिलेश ने कहा कि हम चुनाव में जा रहे हैं, दोबारा लौटेंगे और सही जगह पर हथौड़ा और नट-बोल्ट लगाने का काम करेंगे। उन्होंने कहा हमारे पास ऐसी अधिकारियों की टीम है, जो काम को कम से समय में पूरा करना जानती है। कार्यक्रम के दौरान सीएम ने कार्यक्रम में आए प्रवासी भारतीयों से कहा कि यूपी में ऐसा कोई सेक्टर नहीं है, जिसमें काम नहीं हुआ हो। कार्यक्रम के दौरान मॉरीशस के मंत्री पृथ्वीराज सिंह ने प्रदेश सरकार की पहल की तारीफ की। साथ ही सीएम को मॉरीशस आने का न्योता भी दिया।

होटल ताज में बुधवार को आयोजित समारोह में दुनियाभर से आए प्रवासियों ने शिरकत की।

14 को प्रवासी भारतीय रत्न सम्मान

दूसरे प्रवासी दिवस के मौके पर सीएम अखिलेश यादव ने विदेशों में रहकर देश और प्रदेश का नाम रोशन करने वाले 14 लोगों को यूपी अप्रवासी भारतीय रत्न अवॉर्ड से सम्मानित किया। कार्यक्रम के दौरान सीएम ने सिंगापुर में रहने वाले इंफो ट्रस्ट के फाउंडर एंड सीईओ ज्ञानेन्द्र कुमार, लंदन में रहने वाले प्रो. पीयूष गोयल, साउथ अफ्रीका में चिकित्सा के क्षेत्र में काम करने वाले अजेश बसथरन महाराज को सम्मानित किया। इसके अलावा सीएम ने आध्यात्मिक गुरु कृष्ण कुमार पांडे, गायिका अदिति श्रीवास्तव, उद्यमी जितिन अग्रवाल, लीबिया में शिक्षा के क्षेत्र में काम करने वाली तबसुम मंजूर, शेर बहादुर सिंह, सोशल एक्टिविस्ट प्रतिभा शालिनी तिवारी, राजीव भंबारी, शिक्षा के क्षेत्र में काम करने वाले सुरेश चन्द्र शुक्ला, सतीश राय, डॉ. सुधीर राठौर, फिजी में राजनीति करने वाली वीना भटनागर, उद्यमी विनोद गुप्ता को सम्मानित किया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य रूप से सीएम के मुख्य सलाहकार आलोक रंजन, मुख्य सचिव राहुल भटनागर, जैक्शन समूह के समीर गुप्ता मौजूद थे।